53.	Rastriya Sahara	28 October 2009

पर्यावरण पर आधारित पांच दिवसीय फिल्म महोत्सव शुरू

नई दिल्ली (एसएनबी)। पर्यावरण और वन्य जीव के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए दुनियाभर के फिल्मकारों द्वारा बनायी गयी फिल्मों का पांच दिवसीय महोत्सव मंगलवार से इंडिया हैबिटेट सेंटर में शुरू हुआ। सीएमसी वातावरण की ओर से आयोजित इस महोत्सव में देश-विदेश की सौ से ज्यादा लघु फिल्मों को दिखाया जाएगा। महोत्सव की शुरूआत केन्द्रीय मंत्री डा फारूख अब्दुल्ला ने की। क्लाइमेट चेंज एंड सस्टेनेबल टेक्नॉलाजी शीर्षक से आयोजित फिल्मोत्सव की शुरूआत एनिमेशन वर्कशाप से हुआ। इसके बाद जलवायु परिर्वतन पर बनी लघु फिल्में दिखायी गई। श्री अब्दुल्ला ने वन्यजीव पर फिल्म बनाने के लिए जानेमाने निर्देशक कृष्णेन्दु बोस को सीएमएस-यूनेप पृथ्वी रत्न अवार्ड प्रदान किया।